# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप

### जातिसूचक गाली देकर मारपीट, अपराध दर्ज



**महासमुंद।** पूजा के दौरान पंगत में प्रसाद ग्रहण कर रहे दो लोगों के साथ जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम जमड़ी के भरत डडसेना के घर 5 सितंबर को सत्यनारायण पूजा के बाद पंगत में प्रसाद ग्रहणकर रहे अजय कुमार लोहा पिता शोभित राम लोहा और संजय सागर पिता शक्राजीत सागर के साथ जमड़ी के विजय कुमार पटेल ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 296 बीएनएस, 3(1)(द), 3(2)(व) एसटीएससी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम घुंचापाली के आम रोड में कुछ लोगों के द्वारा बीच रोड में बैठकर शराब का सेवन किया जा रहा था। इन लोगों ने पुलिस को देखकर शराब की शीशीयों को तोड़कर नष्ट कर दिया। जब घेराबंदी कर पकड़ा गया तो आरोपियों ने अपने नाम मनीष कुमार पिता गेंदराम नारंग (27 साल) और दीपक पिता तेजू राम नारंग (24 साल निवासी वार्ड नं 13 मनबाय बताए। आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

**जागरूक:** स्वयंसेवक और यातायात पुलिस की रही चौराहों पर तैनाती

# त्योहारी सीजन में यातायात की कमान संभालने सड़क पर उतरे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जारी त्यौहारी माहौल के चलते इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों में भारी भीड़ का आलम है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का सहयोग करते हुए एक नई पहल की।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन धनतेरस के अवसर पर 29 अक्टूबर को हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था में सहायता प्रदान की। सेवा से सीखे कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थानों बरोंडा चौक, कांग्रेस भवन चौक आदि जगह यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु रूप से



संचालित करने में स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का पूरा सहयोग किया। ट्रैफिक प्रभारी ने स्वयंसेवकों को तीन टीमों में बांटा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही थीं। कचहरी चौक में गुलशन साहू, फाल्गुन सिदार, अहिंसा चौक में सौरभ सिन्हा, गुलशन पटेल, बिठोबा टॉकीज रोड चौक में पंकज साहू, गोवर्धन सिंह रहे। सभी स्वयंसेवकों ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन किया और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। शहर के व्यस्ततम सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में किए गए उनके योगदान के लिए उन्हें नागरिकों द्वारा भी प्रशंसा मिली।

### पोर्टल की वर्षगांठ पर हुआ नवाचार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मायभारत पोर्टल की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम रासेयो क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. डीएस रघुवंशी (सीएसवीटीयू भिलाई) और डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यातायात पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं ट्रैफिक इंचार्ज आनंद घृतलहरे के निर्देशन में किया गया। अंत में यातायात पुलिस द्वारा सभी स्वयंसेवकों को ट्रैफिक पुलिस की टोपी पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कार्य की सराहना की गई।

# नेशनल हाईवे पर मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कबड्डी का मैच देखने गए एक अधेड़ का शव मिला है। मृतक के शरीर पर चोट और गला घोंटने के निशान पाए जाने पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पटेवा पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर को 3 बजे नवागांव पड़ाव-बोड़रा पड़ाव के मध्य एनएच 53 पर एक व्यक्ति का शव पाया गया था। जिसकी जांच के दौरान मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 40-45 वर्ष के परिजन भाई मंशाराम साहू, मनोहर साहू के द्वारा अपने बड़े भाई आशाराम साहू पिता धरमू साहू (48 साल) निवासी गढसिवनी थाना तुमगांव जिला महासमुंद के रूप में पहचान किया गया। साथ ही शरीर में पहने हुए हरे काई रंग के फूल शर्ट, मटमैला रंग के फूल पैंट को मृतक आशाराम साहू का नहीं होना बताया। वहीं अंडरवियर एवं सेंडो को मृतक का होना बताया। पुलिस की पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि आशाराम साहू 26 अक्टूबर की रात खाना खाकर गांव में आयोजित कबड्डी देखने गया था, जो 27 अक्टूबर की सुबह तक घर वापस नहीं आया था। जिसकी तलाश की जा रही थी, तभी पता चला कि नवागांव-बोड़रा पड़ाव एनएच 53 रोड के मध्य एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ है, जिसका शव सरकारी अस्पताल तुमगांव में रखा है। तब सरकारी अस्पताल तुमगांव जाकर देखा गया तो आशाराम साहू का शव चीरघर में रखा हुआ है। मृतक आशाराम साहू के सिर, चेहरा एवं शरीर में गहरे चोट-खरोच का निशान दिखाई दे रहे थे, वहीं रस्सी या कपड़े से गला घोंटने जैसा काला निशान गले में दिख रहा था। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान शव निरीक्षण एवं मृतक के परिजनों के कथनानुसार मृतक आशाराम साहू के गले में रस्सी या कपड़े से गला घोंटने जैसा निशान एवं शरीर में आई चोट के आधार पर अज्ञात आरोपी पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

- मृतक के शरीर पर चोट और गला घोंटने के पाए गए निशान

# राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन, शपथ भी दिलाई

## नपाध्यक्ष एवं कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 29 अक्टूबर को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एकता दौड़ का आयोजन सुबह 7:45 बजे से किया गया।

एकता दौड़ का आयोजन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाती हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। साथ ही सभी ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। दौड़ में जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, नागरिक, पत्रकार, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, खेल संघ व संस्था के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी, विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रा ने रैली निकाली एवं नारे लगाए तथा उत्साह के साथ दौड़ में शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। आयोजन में दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार भारत स्काउट एवं गाइड, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा, सीईओ महासमुंद दीनदयाल मंडावी, डीईओ मोहन राव सावंत उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पालिका, स्काउट एंड गाइड, नेहरू युवा केंद्र के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, जागेश्वर सिंहा, उप प्राचार्य सीएल चंद्राकर, भूत पूर्व सैनिक युवराज सिंह चंद्राकर, कनक राम निषाद, तुलेंद्र सागर, प्रमोद कन्नौजे, तिलक साव, राम कुमार साहू, लता वैष्णव, हितेश यादव, वैशाली ठाकुर, अंजनी साहू, एवन कुमार साहू, गणेश राम कोसरे, कमला मांझी, कामता साहू, वेद राम का सहयोग रहा।

**पर्व पर खरीदी**








दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361

## खबर संक्षेप

### भगवान राजीव लोचन का विशेष श्रृंगार आज

**राजिम।** भगवान श्री राजीव लोचन के पुजारी चंद्रभान सिंह ठाकुर व राजेंद्र मनु ने बताया कि



30 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जाएगा और 1 नवंबर को दीपावली महालक्ष्मी पूजन होगा। दीपावली पर्व के अवसर पर भगवान का सुंदर श्रृंगार किया जाएगा।। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा अन्नकूट पर्व मनाया जाएगा। मालूम हो कि दीपावली पर्व में समूचे क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भगवान श्री राजीव लोचन,भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर बहुत ही धूमधाम के साथ पूजा करते हुए अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करते है।

### करकरा में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच 3 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा में 3 नवंबर को मातर उत्सव के पावन अवसर पर समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए विनोद दीवान कृत मोर मयारु किसान छत्तीसगढ़ी लोककला मंच तेंदूकोना बागबाहरा का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम पटेल मूलचंद निर्मलकर, ग्रामीण समिति अध्यक्ष भूषण पटेल, सुखीराम साहू, शिक्षक एवं ओमू साहू ने दी। कार्यक्रम आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में काफी उत्साह देखी जा रही है।

### कसेकेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता तीन को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कसेकेरा में 3 नवंबर को रात्रि 8 बजे से डीजे डांस प्रतियोगिता बजरंग चौक कसेकेरा (अमेठी) में रखा गया है। इस डीजे डांस प्रतियोगिता में सामुहिक पुसकार प्रथम पुरस्कार 12001 रुपए, द्वितीय 8001 रुपए, युगल में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 और एकल प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए साथ ही तृतीय चतुर्थ को भी सम्मानित राशि से सम्मान किया जाना है। बेस्ट वेशभूषा 1000 रुपए, बेस्ट नृत्य 1000 रुपए, बेस्ट संदेश 1000 रुपए, बेस्ट कामेडी 1000 रुपए दिया जायेगा।

**पर्व : ऑटोमोबाइल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलर्स, कपड़ा शोरूम में जमकर खरीदारी**

# नवापारा-राजिम बाजार में धनतेरस पर्व पर बरसा धन, 10 करोड़ रुपए का हुआ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को धनतेरस के शुभ मुहुर्त में खरीदी करने के लिए शहर के आसपास के ढेर सारे गांव के लोग नवापारा शहर पहुंचे। यहां सुबह 11 बजे से मार्केट में भीड़ दिखना जो शुरू हुआ तो ये भीड़ न केवल देर रात तक बनी रही बल्कि हर दुकानों में भीड़ रही। वहीं धनतेरस पर 10 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। सदर बाजार में हर पल जाम की स्थिति बनी रही। शाम 4 बजे के बाद हालात ऐसा था कि लोग जाम में फंसे थे जो निकल नहीं पा रहे थे। बता दें कि धनतेरस से शहर के सभी व्यवसायी चाहे वह ज्वेलरी शॉप हो या इलेक्ट्रॉनिक अथवा कपड़ा मार्केट ही क्यों न हो सब लोग बेहद खुश हुए। व्यापारियों को पूरा उम्मीद है कि आज बुधवार और कल गुरूवार को भी मार्केट भीड़ भरा रहेगा। मालूम हो कि 50 गांव के लिए नवापारा का बाजार काफी मशहूर है। यहां खरीददारी करने के लिए लोग आते हैं। धनतेरस की भीड़ का नजारा खासतौर से सदर बाजार के सुप्रसिद्ध ज्वेलरी शॉप नवकार ज्वेलर्स, गुरूदेव ज्वेलर्स, शंकर ज्वेलर्स, पंकज ज्वेलर्स, छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स, जय सत्यदेव ज्वेलर्स,श्रीराम ज्वेलर्स,प्रियंका ज्वेलर्स, ▶▶| शेष पेज 12 पर





### राजिम में आज मनेगा धनतेरस

नवकार ज्वेलर्स, नीलम ज्वेलर्स और राजीव लोचन ऑटो केयर में दिन भर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। शाम तक लोग यहां लेन-देन करते रहे। इन व्यापारियों के मुताबिक धनतेरस की ग्राहकी संतोषप्रद रही। अब ईधर दो दिन ग्राहकों की भीड़ रहेगी। बता दें कि इस बार कै लेंडर और देव पंचांग में धनतेरस व दीपावली को लेकर भ्रम जैसी स्थिति निर्मित हुई। कहीं मंगलवार को धनतेरस मनाया गया तो कहीं बुधवार को धनतेरस मनाया जाएगा। राजिम शहर में आज धनतेरस पर्व धूमधाम से होगा। खरीददारी करने वाले लोगो के लिए ये दोनों दिन मंगलवार और बुधवार को धनतेरस उत्साह और उमंग लेकर आया है।

### खरीदी करने दर्जनों गांव के लोग पहुंचे

धनतेरस में खरीदी करने के लिए राजिम शहर के अलावा आसपास के दर्जनों गांव के लोग यहां पहुंचे। लोगों की भीड़ खासतौर से नवकार ज्वेलरी शॉप तथा कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रानिक दुकानों, जनरल स्टोर्स, फैन्सी कॉर्नर, बर्तन दुकान और जूता दुकानों में देखी गई है। सड़क से लेकर जरूरत की हर दुकानों में पूरा दिन बल्कि देर शाम तक लोगों की आवाजाही बनी रही।अनुमान लगाया जा रहा है कि राजिम मार्केट में विभिन्न व्यवसायिक सेंटरों को मिलाकर कई लाखों रुपए की खरीदी-बिक्री हुई है। इससे व्यवसायियों के चेहरे खिले-खिले नजर आया है। सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के सड़कों और कमोवेश ज्वेलरी शॉप, इलेक्ट्रॉनिक दुकान और कपड़ा मार्केट में भीड़ तबियत से रही। सोने-चांदी के जेवरात खरीदने में लोगों को काफी उत्साहित देखा गया है। गरीब तबके के लोग भले ही सोने और चांदी के कीमती जेवरात नहीं खरीद सके। ऐसे लोग धनतेरस के अवसर पर लक्ष्मी जी की चांदी का सिक्का जरूर खरीदे हैं।

## कार ने बाइक सवार को ठोका, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम कसही बाहरा के पास राजिम से आ रही कार ने छुरा से मुड़ागांव जा रहे हैं मोटरसाइकिल चालक को ठोकर मार दी। जहां घटनास्थल पर मोटरसाइकिल चालक केशव चंद्राकर 45 वर्ष व पीछे बैठे उनके सहयोगी की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेंट कंपनी के कर्मचारी जो राजिम रोड से मोबाइल में बात करते हुए छुरा की तरफ आ रहा था एवं छुरा से मुड़ागांव अपने व्यावसायिक कार्य से जा रहे हैं केशव चंद्राकर जो अपने साइट के सड़क पर चल रहा था, विपरीत दिशा से आकर उन्हें ठोकर मार दी और ठोकने के पश्चात कार दीवार में जाकर टकराया, कार का चालक थाना में पहुंचकर सिलेंडर कर दिया गया है। मृतकों के शरीर का पोस्टमार्टम का परिजनों को सौंप दिया गया है।

### प्रदीप आत्महत्या मामले में लिप्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**सरायपाली।** विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरायपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रायपुर कलेक्ट्रेट के राजस्व विभाग में कार्यरत क्लर्क प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या के मामले पर वर्तमान भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वर्तमान जो भी अधिकारी कर्मचारी इस मामले में लिप्त है उनकी जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में जाति सूचक शब्दों से प्रताड़ित कर आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाले अपराधी अधिकारियों को तत्काल पद निलंबित कर कानूनी कार्रवाई करने एवं मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा एवं परिवार से तत्काल अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी है कि ऐसी घृणित घटनाएं दोबारा ना हो वर्ना पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में समाज उग्र आंदोलन करेगी।

## कुडेरादादर में खरीदी केंद्र खोलने प्रशासन स्तर पर लंबित, किसानों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कुडेरादादर में नया धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किए जाने की मांग कुडेरादादर के ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा समय रहते की गई, लेकिन अभी तक प्रशासन ने स्वीकृति नहीं दी है। इससे किसान काफी नाराज हैं। किसान नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, केजू राम ध्रुव, संतराम जगत, भीखम साहू, घनश्याम साहू, बीरेंद्र ध्रुव, दिनेश साहू, अशोक अग्रवाल, नोहर अग्रवाल, कृष्णा साहू, दयाराम नागेश, बृजलाल कंवर, धनेश्वर कंवर, जयराम दीवान, रेवाराम आदि लोगों ने बताया कि ग्राम कुडेरादादर में उपार्जन खरीदी केंद्र खोलने की मांग अगले साल से कर रहे हैं। इस बारे में किसानों ने जिला



के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 में समर्थन मूल्य धान खरीदी हेतु उप केंद्र खोलने के लिए ग्राम पंचायत कुडेरादादर, मुढीपानी आश्रित ग्राम कनफाड, जिडार, मडवापथरा, लादाबहरा सहित क्षेत्र में आने वाले ग्रामों ने नवीन खरीदी केंद्र खोले जाने पर ग्राम कुडेरादादर में जगह भी चिन्हांकित किया गया है। किसानों ने बताया कि रसेला उपार्जन केन्द्र में जगह का अभाव होने से किसानों को दूरी के आलावा अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत कुडेरादादर, मुढीपानी के किसानों की मांग पर जिला प्रशासन, गरियाबंद खाद्य साहकारिता और जिला सहकारी बैंक, राजस्व विभाग के अधिकारीयों, रसेला समिति द्वारा प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है, जो आज तक लंबित है। चुकी उपार्जन केन्द्र के माध्यम से 15 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी जोरों से चल रही है। मांग करने वाले संबंधित क्षेत्र के किसानों के लिए संशय अभी बरकरार है। जिला प्रशासन के कुडेरादादर प्रस्ताव पर सरकार द्वारा नया उपार्जन खरीदी केंद्र पर मोहर नहीं लगी तो किसानों को फिर परेशानी झेलनी पड़ेगी।

## सड़क किनारे डाल रहे सड़ी सब्जियां, वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में हर सोमवार को सप्ताहिक बाजार लगता है और सप्ताहिक बाजार में दूर -दूर से लोग व्यापार करने आते हैं लेकिन सड़े-गले सब्जियों को नगर में सड़क किनारे फेक कर चले जाने से इसके दुर्गंध से नगर के लोग परेशान हो गए है और इसके साफ-सफाई के तरफ कोई ध्यान भी नहीं देता।



### रवेली में मातर मड़ई उत्सव 3 नवंबर को

**छुईहा बेलर।** ग्राम रवेली में 3 नंवबर को मातर मड़ई उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्राम के देवी- देवता एवं बैरक पूजा व राऊत नाचा होगा। रात्रि में मनोरंजक के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम तुलसी के माला कचानदूर जिला बालोद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी प्रदीप कुमार ध्रुव ग्राम प्रमुख रवेली ने दी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

|| शुभ मुहूर्त आया ||
हीरो साथ आया
Hero GIFT
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकामनाओं सहित
राजीवलोचन ऑटोमोबाईल लाये है
उपहार की बौछार



डिस्काउंट ही डिस्काउंट
HF सीरीज में 4500 तक डिस्काउंट*
पैशन प्लस में 3000 तक डिस्काउंट*
करिज्मा 8000 तक डिस्काउंट*
Mavrick में 12000 तक डिस्काउंट*
पैसे धान बेचने के बाद*
कम डाउन पेमेंट ₹ 1999*
12000/-* तक नगद डिस्काउंट पायें
हीरो की प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर पायें हेलमेट और आकर्षक उपहार
राजीवलोचन ऑटोमोबाईल
फिंगेश्वर रोड, राजिम, मो. - 9770000678

## खबर संक्षेप



### रक्तदान सेवा समिति ने अस्पताल में मरीजों को बांटे कंबल-गर्म कपड़े

**सरायपाली।** ठंड का मौसम धीरे-धीरे आ रहा है ऐसे में लाज़मी है कि ठंड से बचने के लिए घर में रहकर अनेक तरह के उपाय किया जा सकता हैं, लेकिन जब व्यक्ति और बीमारी से ग्रसित रहे और हॉस्पिटल में एडमिट रहे अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान रखते हुए ही नगर के समाज सेवक पुरुषोत्तम प्रधान, मुस्तफ़ीज आलम और उनके सहयोगियों ने मिलकर पुरूष जनरल वार्ड व महिला जनरल वार्ड में एडमिट सभी मरीजों के ठंड से बचने के लिए कंबल बांटे। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों का वार्ड में छोटे बच्चों के ठंड से बचने के लिए मोज़ा, कानटोप और अन्य गरम कपड़े बांटे। इस तरह का कार्य मानव समाज के लिए प्रेरणादायक रहता है। इसमें सभी व्यक्तियों को प्रेरित होकर सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाना चाहिए। ताकि, आगे चलकर हम एक उन्नत समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सके। बता दें कि पुरूषोतम प्रधान और मुस्तफ़ीज आलम पिछले ग्यारह वर्षों से रक्तदान सेवा समिति छत्तीसगढ़ का संस्थापक के रूप में सेवा दे रहे हैं, जो समिति आज लगभग 90 हज़ार ब्लड के जरूरतमंद मरीजों निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध कराते आ रहे हैं।
साथ ही दोनों समाज सेवक अन्य क्षेत्रों में अपनी जनसेवा का योगदान देते रहते हैं।

पेज 11 का शेष...

### नवापारा-राजिम...

नीलम ज्वेलर्स, कृति बेनटेक्स ज्वेलरी, महालक्ष्मी ज्वेलर्स में देखने को मिली है। बताया कि धनतेरस ने सारा कसर पूरा कर दिया। लोग जी-भरकर खरीदी किए हैं। इसी तरह से रेडिमेड जीन्स, टी शर्ट खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ दिखी।

राजिम शहर में खरीदी करने वालों की जबर्दस्त चहल-पहल रही। कुल मिलाकर नवापारा और राजिम के मार्केट में धनतेरस का दिन उत्साह से लबरेज रहा। हर कोई धनतेरस के शुभ मुहुर्त में मां लक्ष्मी की फोटो, चांदी का सिक्का, माला, के अलावा कुछ न कुछ खरीदी करने के लिए बाजार में घूमते नजर आए। लोग सोना-चांदी के दुकानों में देखे गए और सामान्य वर्ग के लोगों की भीड़ कपड़ा दुकानों में बनी रही। लड़कियां फैन्सी कॉर्नर में और लड़के फटाका दुकानों में दिखे। व्यवसायियों के चेहरे की चमक यह बताने के लिए काफी था कि वे आज की ग्राहकी से बहुत खुश हैं। महिलाओं की भीड़ ज्वेलरी शॉप के अलावा साड़ी सेंटरों में भी रही। ईधर शाम होते ही हर घरों और दुकानों के सामने लड़कियां रंगोली सजाती रही। वहीं दीये और बिजली के झालरों की रोशनी पूरे शहर में झिलमिलाते दिखे। धनतेरस में इसके अलावा बाईक-कार शो रूम, बर्तन दुकान, मिठाई दुकान, जूता-चप्पल, फटाका, फैन्सी कॉर्नर आदि जगहों में भी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों को आने वाले दो दिनों तक अच्छा व्यापार होने का भरोसा है।

### राहत : तेंदुआ ने आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों को बनाया था शिकार

# पिंजरे में कैद कर जंगल में छोड़ा गया तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वनपरिक्षेत्र अरसीकन्हार में ग्राम मेचका व आसपास ग्रामों के ग्रामीण पिछले माह भर से खुंखार तेंदुआ के आतंक से परेशान हो गए थे। लगातार तेंदुआ गांव के भीतर गांव के भीतर घुस कर मवेशियों को अपना शिकार बना रहा था आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों को तेंदुआ के द्वारा शिकार बनाने से ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा था ग्रामीणों द्वारा लगातार इसकी शिकायत वन विभाग से किया जा रहा था ग्रामीणों के सूचना के बाद वनविभाग के टीम ने अरसीकन्हार वनपरिक्षेत्र के मेचका जंगल में पिंजरा लगाया था और पिंजड़ा में एक तरफ बकरे रखा गया था बीते रात बकरे की लालच में तेंदुआ पिंजरा में घुस गया आर पिंजरा फंस गया जिसकी जानकारी उदती सीतानदी टाईर रिजर्व के उपनिदेश वरूण जैन को दी गई। उपनिदेशक वरूण जैन तत्काल मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों के चर्चा के बाद पिंजरा में फंसे तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया इसके बाद तेंदुआ को पिंजरे के साथ लगभग वाहन में ले जाकर रिसगांव क्षेत्र टाईगर रिजर्व के कोर इलाके के जंगल में छोड़ा गया जैसे ही पिंजरा को खोला गया तेंदुआ छलांग मारते जंगल के तरफ ओझल हो गया। इस मौके पर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन, एसडीओ गोपाल कश्यप, वनपरिक्षेत्र अधिकारी प्रतिभा मेश्राम, पैलेश पटेल एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह मामला मैनपुर से महज 26 किलो मीटर दूर टाईगर रिजर्व के अरसीकन्हार मेचका जंगल का है।







**जंगल में छोड़ा गया**

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने हरिभूमि को चर्चा में बताया टाईगर रिजर्व के अरसीकन्हार वन परिक्षेत्र के ग्राम मेचका व आसपास के ग्रामों में तेंदुआ ने 5-6 मवेशियों को अपना शिकार बनाया था और गांव के भीतर अन्दर आ रहा था जिसे वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया था जिसमें रात में यह तेंदुआ फंस गया यह तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ्य है और लगभग 3 वर्ष का है तथा नर है जिसे रेसक्यू कर टाईगर रिजर्व के कोर एरिया जंगल में छोड़ा गया है।

## नपा अध्यक्ष मेमन भाजपा के सक्रिय सदस्य बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन अब भाजपा के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में मेमन को सक्रिय सदस्यता प्रमाण पत्र सौंपा।

अब्दुल गफ्फार मेमन ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा जैसी अनुशासित और सिद्धांतों वाली पार्टी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि भाजपा के सिद्धांतों के अनुसार, 100 से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने के बाद उन्हें सक्रिय सदस्य का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने जिले के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे 100 से अधिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बनने के लिए अपने मंडल अध्यक्ष से संपर्क करें। इस कार्यक्रम में राधेश्याम सोनवानी, धनराज विश्वकर्मा, और मोहित हरपाल भी उपस्थित रहे।

## लक्षवीर सेवा रत्न से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

अभनपुर विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंडी मे शिक्षक के रूप मे पदस्थ लक्षवीर बांधे को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से नवाजा गया है। छत्तीसगढ़ कलमकार मंच राज्य स्तरीय समिति मस्तूरी जिला बिलासपुर द्वारा इन्द्र धनुष साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनको सांझा संकलन इन्द्रधनुष में उत्कृष्ट लेख के प्रकाशन कार्य के लिए दिया गया है। मुंडरा जुलुम निवासी लक्ष्यवीर बांधे बहुप्रतीक्षित प्रतिभा के धनी है वे शिक्षक के साथ- साथ कवि, गीतकार, लोकगायक, कवि, साहित्यकार एवं निबंधकार भी है। शिक्षक लक्षवीर बांधे ने शिक्षा सत्र 2023 में विकास खण्ड स्तरीय विज्ञान टीएलएम प्रदर्शनी में विजेता भी रहे हैं। पूर्व मे श्री बांधे द्वारा छत्तीगसढ़ी में रचित कविता एवं गीत पुस्तिका प्रकाशन का विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा विमोचन किया गया था।

## मोहल्ला पाठशाला से जग रही शिक्षा की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

शिक्षा के क्षेत्र में अनोखा प्रयास करते हुए गरियांबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के सभी मोहल्ला में संध्याकालीन गृह पाठशाला संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम के लिए ग्राम में सभी पालकों की सहमति होने के पश्चात कक्षा पहली से लेकर के आठवीं तक के बच्चे अपने ही मोहल्ले में संध्या के समय एकत्र होते हैं और शाम 5: 00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक एक साथ पढ़ाई करते हैं। इस संबंध में प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल ने बताया कि पालकों के बैठक लेकर सभी के सहमति से यह संध्याकालीन गृह पाठशाला का संचालन की जा रही है बच्चे अक्सर शाम के समय खेला करते थे और पढ़ाई नहीं करते थे इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन निरंतर अपने ही मोहल्ला में एक घर इकट्ठा होकर के बच्चे अध्ययन करते हैं इन सभी बच्चों के अध्यापन में मदद करने के लिए उसी मोहल्ले के पढ़े-लिखे कॉलेज के विद्यार्थियों को जवाबदारी दिया गया है जो प्रतिदिन 3 घंटा सभी बच्चों को एक जगह इकट्ठा कर पढ़ाई कराते हैं।

■ गांव के पढ़े-लिखे होनहार युवा की अभिनव पहल

### मनुष्य के जीवन के लिए शिक्षा अनिवार्य : भावेन्द्री



ग्राम देहारगुड़ा में शिक्षक और ग्रामीणों के द्वारा शिक्षा के स्तर को उंचा उठाने समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है यहां ग्रामीण और पालक भी बच्चों के शिक्षा के प्रति अपने जिम्मेदारी को समझते हुए उन्हे हर तरह की सहयोग करते है और समय–समय पर स्कूल का मनिटरिंग भी करते है तथा समय–समय पर स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन भी किया जाता है। ग्राम देहारगुड़ा में संध्याकालीन गृह पाठशाला में बच्चों को पढ़ाई कराने वाले गांव के कुमारी भुवेन्द्री नागेश जो बी एससी के साथ ही सीजी टीईटी परीक्षा भी क्रेक कर चूकी है और उनके द्वारा मोहल्ले के बच्चों को शिक्षा दिया जा रहा है। कुमारी भुवेन्द्री नागेश ने बताया शिक्षा मनुष्य के जीवन के लिए बहुत अनिवार्य है उन्होने पूरी पढ़ाई कर ली है लेकिन नौकरी नहीं मिली है इसलिए गांव के बच्चों को मुक्त में संध्याकालीन गृह पाठशाला में शिक्षा दे रही। इस कार्य से उन्हे बहुत खुशी हो रही है कि उनके गांव के बच्चों को उनके द्वारा शिक्षा दिया जा रहा है। वहीं लेड़ीबहार में कुमारी फलेश्वरी, उपरपारा में पालेश्वर, पटेलपारा में कुमारी कामिनी, बीचपारा में कुमारी भुनेश्वरी नागेश, साल्हेपारा में कुमारी पालेश्वरी दीवान, खामभाठा में गणेश मरकाम, डोंगरीपारा में कुमारी डोमेश्वरी, खुदुरबाहरा में कुमारी बिन्देश्वरी, छापरमुड़ा में कुमारी टीकेश्वरी, गौरघाट में कुमारी रूपा दिवान एवं रामपारा में कुमारी डिलेश्वरी परस द्वारा संध्याकालीन गृह पाठशाला में बच्चों को शिक्षा दिया जा रहा है।

## खेत में लगे खंभों में बगुला ......



**मैनपुर।** इन दिनों जहां एक ओर कई जगह धान की फसल कट रही है तो कई जगह धान पक कर तैयार होने को है और ऐसे समय में खेतों में तरह –तरह के पक्षी दिखाई दे रहा है। वहीं खेत में लगे खम्भों में कतारबद्ध बगुला बैठे हुए है।







## पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में मना जनजातीय गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए 23 से 25 अक्टूबर तक जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष उमेन्दी सिंह कोर्राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि में बिरेंद्र ध्रुव और मुख्य वक्ता यशवंत सोरी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी कुर्बानी को याद किया गया। साथ ही, जनजातीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध, नृत्य और संगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए गए। उल्लेखनीय है कि 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती जयंती से 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती तक पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव स्मृति माह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न संस्थाओं और संगठनों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गरियाबंद ने भी इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएस गौतम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के युवाओं में गौरव की भावना जगाना और उन्हें अपने इतिहास और संस्कृति से जोड़ना था। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## स्वच्छता मिशन के कई कार्यों का हुआ अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज समय - सीमा बैठक उपरांत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में समिति के समक्ष जल जीवन मिशन योजना के कव्हरेज मद के अंतर्गत 24 सितम्बर के पश्चात देयकों के भुगतान के लिए बजट आबंटन, सीमा मांग हेतु ई-वर्क्स-।। जेजेएम में ऑनलाईन डिमाण्ड प्रविष्टि के अनुमोदन किया गया। सपोर्ट मद के अन्तर्गत निरीक्षण वाहन किराया, कॉल मी सर्विस से जल जीवन मिशन के कार्यो के लिए उपलब्ध कराई गई मानव संसाधन भुगतान, स्टेशनरी भुगतान का अनुमोदन लिया गया। जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग नलजल, नवीन एकल ग्राम जलप्रदाय योजनाओं की सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड गरियाबंद, राजिम, देवभोग द्वारा प्रस्तुत आवेदन के समयावृद्धि हेतु अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल में जल जीवन मिशन से संबंधित प्रदर्शनीय कार्य का मॉडल के प्राक्कलन का ऑनलाईन प्रशासकीय स्वीकृति हेतु चर्चा गरियाबंद के विभिन्न स्थानों में यूनीपोल, डिजिटल वॉल एलईडी स्कीन के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए छत्तीसगढ़ संवाद में एनपैनल्ड एजेंसी को संवाद की दरों के कार्यादेश पर चर्चा, फ्लोराईड रिमूवल प्लॉट के स्थापना कार्य के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकामनाओं के साथ**

**दीपावली की शुभ खरीदी पर**

**नवकार ज्वेलर्स में आपका हार्दिक स्वागत है...**

।। बाबा ॐ श्री शिव ।।

महादेव

मानक पथप्रदर्शक
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वेलरी 100% वापसी के साथ

# नवकार ज्वेलर्स





सच्चा सौदा ईमानदारी का

## राजिम

**इस त्योहारी पर्व की खरीदी नवकार के संग**

हमारा वादा सच्चे सौदा का

हमारा वादा ईमानदारी का

### हॉलमार्किंग डिटेल

लाईसेंस नं. HM/C 5990102719
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वैलरी दुकान
प्रत्येक जेवर सरकार (BIS) द्वारा
अधिकृत संस्था से प्रमाणित

हमारा वादा होलसेल रेट का

365 दिन सच्चा भाव

### नवकार गारंटी

* रेट + मजदुरी + टैक्स मिलाकर Complete में सबसे कम
(इससे सस्ता कहीं नहीं)
* प्रत्येक जेवर BIS हॉलमार्क प्रमाणित
(इससे अच्छा कहीं नहीं)
प्रत्येक जेवर का रेट टैक्स + मजदुरी मिलाकर सबसे कम

हमारा वादा हॉलमार्क जेवर का

365 दिन सच्चा सौदा

### आग्रह

अपने परिवार, मित्र एवं प्रियजनों को यह WHATSAPP के द्वारा SHARE जरुर करें

| राजिम | नवापारा | रायपुर |
|---|---|---|
| सुंदर लाल शर्मा चौक, बस स्टैंड | पुराना जिला सहकारी, बैंक के पास | श्याम टॉकीज रोड, बूढ़ापारा |
| 9755411000, 6269801000 | 9074100000, 6269702000 | 9329732777, 6269703000 |

**विशेषः- इसके अलावा हमारी और कोई अन्य संस्था नहीं है.**

### संबंधित प्रतिष्ठान

| शांति विजय स्टोर्स | शांति विजय एम्पोरियम |
|---|---|
| नवापारा | राजिम |


प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**गरियाबंद।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। उनके लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाइन किया जाना है। आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक किया गया हैं। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने की तिथि 01 नवम्बर से 15 जनवरी 2025 तक, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि की स्थिति में निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के समस्त मतदान केंद्रों और निर्वाचक रजिस्ट्रेशन कार्यालयों में किया गया है। मतदाता अपने नाम जोड़ने, सुधारने या विलोपित करने के लिए 28 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मतदाता द्वारा अपना दावा आपत्ति बीएलओ या ऑनलाइन ओटर हेल्पलाइन एप, वोटर्स डॉट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बता दें कि वर्तमान में जिले में पुरुष मतदाता 4, 25, 669, महिला मतदाता 4, 42, 150 एवं 18 तृतीय लिंग मतदाता है।

# एकता दौड़ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी और यूनिटी की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

### दौड़ में बच्चे, युवा, खिलाड़ी, अधिकारी- कर्मचारी हुए शामिल






भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने गांधी मैदान में इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्साह और जोश के साथ बच्चे, युवा, खिलाड़ी, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक इस दौड़ में शामिल हुए। सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहें और राष्ट्रीय एकता दिवस अमर रहे के उद्घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह दौड़ गांधी मैदान से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक होते हुए इंडोर स्टेडियम में समाप्त हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में कलेक्टर अग्रवाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के 565 रियासतों का विलीनीकरण कर एकीकृत भारत के निर्माण का कार्य किया, इसलिए उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। आज का यह अवसर उनके विचारों का अनुसरण करने का है। जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आग्रह पर दीपावली के दृष्टिगत दो दिन पूर्व राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने दृढ़ संकल्प से देश को एकजुट किया। इस अवसर पर एसडीएम राकेश गोलछा, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, सांख्यिकी विभाग के ओपी देशमुख, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता बीएस पैकरा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, जनपद सीईओ अमजद जाफरी समेत अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, बच्चे, युवा, खिलाड़ी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैठक : राज्योत्सव में विभागीय स्टॉल और सभी तैयारी समय से करें सुनिश्चित

# रकबा सत्यापन व किसान पंजीयन का कार्य शत प्रतिशत करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आगामी 5 नवंबर को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले राज्योत्सव में विभिन्न विभागों को विभागीय योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय स्टॉल के लिए तैयारी शुरू करने और राज्योत्सव की संपूर्ण तैयारी समय से पूर्व सुनिश्चित करने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 14 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किए जा रहे रकबा सत्यापन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने और नए किसानों का पंजीयन एवं पूर्व में पंजीकृत किसानों का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड का कार्य निर्धारित समय तक शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

■ योजनाओं के सैचुरेशन के लिए गांवों में कैंप लगाने करे तैयारी

### कलेक्टर अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश




#### आयुष्मान कार्ड व पीएम किसान के कार्यों में तेजी लाएं

कलेक्टर ने योजनाओं का सेचुरेशन पूर्ण करने के लिए विभिन्न गांवों में शिविर लगाने की तैयारियों के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने योजनाओं का लाभ दिलाने जरूरी सर्वे कार्य पूर्ण कर शिविर की तैयारियां करने के निर्देश दिये। साथ ही ऑनलाईन एण्ट्री करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण, पीएम किसान, आवारा मवेशी रोकथाम की जानकारी लेकर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, निर्माण के कार्यों को भी गंभीरतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# सासंद रूपकुमारी से पंचायत प्रतिनिधि ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सासंद रूपकुमारी चौधरी से पंचायत प्रतिनिधि एंव वरिष्ठ भाजपाई ने क्षेत्र के विकास के लिए मुलाकात किया। ग्राम पंचायत बोड़की के चार बार के सरपंच रामजी साहू के नेतृत्व मे भेंट मुलाकात कर विकास के संदर्भ मे चर्चा किया। साथ में रामजी साहू, गजेंद्र निषाद, तुलाराम साहू, लोमसिंग मार्कण्डेय, सरपंच पतौरा उदय राम साहू, इंद्रमण सरपंच भैसातरा शामिल हुए।

# 97 शिक्षक पंचायत संवर्ग का जल्द होगा संविलियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन के प्रांताध्यक्ष मनोज देवांगन ने सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा। बताया कि सीएम श्री साय ने तत्काल कार्यवाही कर अधिकारियो को विभिन औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए केबिनेट की बैठक में संविलियन में छुटे लगभग 300 शिक्षक पंचायत संवर्ग में से 97 शिक्षक पंचायत संवर्ग का संविलियन करने का निर्णय पारित कर दीपावली के अवसर पर मार्ग प्रशस्त किया है। अध्यक्ष श्री देवांगन व कोषाध्यक्ष धन्नू देवांगन ने बताया कि इस दिशा में लगातार सीएम हाउस और मंत्रालय में संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाये हुए थे। जिसका प्रतिफलस्वरूप प्रदेश के लगभग 97 शिक्षक पंचायत संवर्ग को संविलियन के लिए मंत्रिमंडल में निर्णय पारित हुआ। प्रकोष्ठ ने शिक्षक पंचायत संवर्ग के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण को पिछले केबिनेट के बैठक में निपटाने के लिए सीएम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश के संविलियन से छुटे शिक्षक साथियों के दुख और तकलीफो को समाधान की मांग किया था। संघ ने सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। आभार व्यक्त करने वालों में दीपक देवांगन, धनेन्द्र देवांगन, महेत्तर देवांगन, फुलधर देवांगन, हेमचंद्र देवांगन, डॉ विवेक देवांगन, डॉ एस पी देवांगन, मोहन देवांगन, दुष्यंत देवांगन, धनेश्वर देवांगन, घनश्याम देवांगन, विमल देवांगन, जीवेश देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, श्रवण देवांगन, उदय देवांगन, राकेश देवांगन एवं लव देवांगन के साथ-साथ प्रकोष्ठ 44 पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# 56 आंबा सहायिकाओं का नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत जिले में आंगनबाड़ी सहायिका के 56 रिक्त पदों की भर्ती के लिए नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एके पाण्डेय ने बताया कि परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पंडरीपानी कमारपारा, कोड़ोहरदी-1, कोड़ोहरदी-2 एवं दसपुर पुलियापारा, कोटरीछापर, विजय नगर, कुचेना एवं दादरपारा में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र पीपरछेड़ी, बोईरगांव, घोटियापारा, सुखरीडबरी, बादिमार, लिमडीह, भैंसादादर एवं खासरपानी पीपलाकन्हार, धोबनीडीह, थूहापानी, कामर, छिन्दौलाडीह, नागाबुड़ा कछारपारा, नागाबुड़ा चट्टानपारा, दर्रीपारा नवापारा, दर्रीपारा रावनभाठा, रावनडिग्गी कमारपारा, पेण्ड्रा, नवागांव, सेम्हरा, आमदी 'द' कमारपारा हसौदा, हाथबाय कमारपारा, हाथबाय तरीपारा, जोबपारा, कुकरार-2 ओड़ कमारपारा हथौड़ाडीह, नगरार, जंगल धवलपुर नवापारा, जरण्डीह,आमापारा जरण्डीह बस्तीपारा, बोड़ापाला, लादाबाहरा, भैसामुड़ा, महेन्द्रगढ़, बागडबरा, दहिबाहरा, कामेपार, कसाबाय- 2, सनडबरी, मरदाकला कमार पारा, बेगरपाला आवासपारा, बेगरपाला सड़कपारा, पण्डरीपानी में नियुक्ति की गई है। श्री पाण्डेय ने बताया कि इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जायेगा। आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय गरियाबंद में मूल प्रमाण पत्रों के साथ कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थिति देने के निर्देश दिये गए है। निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में द्वितीय वरियता को प्राथमिकता दिया जायेगा।

# प्रताड़ना से त्रस्त होकर बाबू ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रायपुर के कलेक्टोरेट राजस्व शाखा में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय ने 28 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने के पहले उन्होंने एक पत्र लिखा है जिसमें विभाग के तीन अफसरों तत्कालीन एडीएम गजेंद्र ठाकुर,वीरेंद्र बहादुर सिंह एवं तत्कालीन एसडीओ देवेंद्र पटेल के नाम का उल्लेख करते हुए इन तीनों के प्रताड़ना के वजह से वे आत्महत्या करने के लिए विवश हो गए। पत्र में उन्होने अपनी मौत के लिए इन तीनों को जिम्मेदार बताया है। सुसाइट नोट में उन्होने लिखा है कि जातिसूचक प्रताड़ना से त्रस्त होकर उन्होने फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहे है। इस मामले को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में ब्राम्हण समाज में गहरी नाराजगी है तथा दुखी और उद्वेलित भी।

■ ब्राम्हण समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



मंगलवार को नवापारा ब्राम्हण समाज के लोग सुभाष चौक के पास इकट्ठा हुए और बाइक रैली के रूप में शहर का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने समाज के वरिष्ठ प्रसन्न शर्मा, कैलाश शुक्ला,रमेश तिवारी,श्यामकिशोर शर्मा,विवेक मिश्रा, ललित पांडे, शिव तिवारी, प्रफुल्ल दुबे, अनंत पुराणिक, मनहरण शर्मा, सौरभ शर्मा, प्रणय दीवान, वासुदेव पांडे, कैलाश तिवारी, अंजय शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, मनीष शर्मा, गुड्डु मिश्रा, अंकित शर्मा, कमल शर्मा, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, तनु मिश्रा, रश्मि तिवारी, पूनम दीवान, रूचि शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे। ब्राम्हण समाज ने अपने ज्ञापने में लिखा है कि 28 अक्टूबर को शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने अपने उच्चाधिकारियो के जातिसूचक प्रताड़ना से त्रस्त होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है इस घटना से संपूर्ण छत्तीसगढ़ का ब्राम्हण समाज दुखी एवं उद्वेलित है। मृतक प्रदीप उपाध्याय द्वारा अपने सुसाइट नोट में प्रताड़ित करने वाले अधिकारियो के नाम का उल्लेख भी किया है। अतएव उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करने के लिए महामहिम राज्यपाल से निवेदन किया गया है।

### मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं आयु वर्ग 18-19 के युवा नागरिकों के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01.01.2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा 55 - बिन्द्रानवागढ़ के 300 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया हैं । उक्त कार्यक्रम के तहत 28 नवम्बर तक मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते हैं। साथ ही 9 व 10 नवम्बर एवं 16 व 17 नवम्बर 2024 को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन भी किया जावेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है। कि ऐसे नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो तथा जिनका नाम पूर्व में मतदाता सूची में शामिल न हो पाया हो, वे सभी संबंधित मतदान केन्द्र में फार्म - 6 जमा कर मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाएं। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग के वेब साईट पर सीधे ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता हैं। सभी मतदाताओं से यह अपील की जाती हैं कि वे इस दौरान मतदाता सूची में अपना नाम देखें। यदि उसमें कोई सुधार करवाना हो तो फार्म - 8 भरकर संशोधन करवाएं। मतदाता सूची की शुद्धता हेतु मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी भी अभिहित अधिकारी को देवें तथा फार्म - 7 भरकर मतदाता सूची से विलोपन करवायें। समस्त नागरिकों से अपील है कि वे स्वयं पहल करते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर एक अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग देवे।

### गली- मोहल्लों में सुआ नृत्य की धूम



**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** पाटसिवनी, जामली, अमलोर, परसदाखुर्द, पिपरहट्ठा, देवगांव सहित अंचल में इन दिनों सुआ नृत्य की धूम है। सजी-धजी बालिकाएं छत्तीसगढ़ के इस पारम्परिक नृत्य और लोकगीत के माध्यम से घूम -घूमकर लोगों का मनोरंजन कर रही है। दीपावली जैसे- जैसे नजदीक आ रही है, वैसे- वैसे क्षेत्र के गांवों में सुवा नृत्य करती बालिकाओं की टोलिया नजर आने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं आसपास के गांव पहुंचकर सुआ नृत्य की प्रस्तुति कर गांवो, घरों और दुकानों में खुशियां बिखेर रही है। सोमवार को पाटसिवनी में बालिकाएं गांव के घरों व दुकानों में मधुर और पारंपरिक सुआ गीतों पर आकर्षक नृत्य करती घूमती रही। बालिकाएं टोकरी में सुआ को रखकर एक घेरा बनाकर विभिन्न गीतों के माध्यम से थिरकती रही।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

#### धनतेरस पर्व पर बनाई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में धनतेरस पर्व पर युवतियों ने रंग बिरंगी रंगोली बनाई। खुशबू, जागृति, साक्षी, मेघा, प्रियंका, आक्या ने कहा कि हिंदू धर्म में धनतेरस का पर्व हर साल कार्तिक महीना के त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है और धनतेरस पर्व से पांच दिनों तक चलने वाला दीपावली का उत्साह शुरू हो जाता है।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### ग्राम भिलाई में मनाया गया आयुर्वेद दिवस

# बीपी व शुगर की जांच कर दी दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




जिले के आयुष विभाग द्वारा प्रेरक समिति प्रमुख आरजी सिन्हा के मार्गदर्शन में सियान सेवा सदन, ग्राम भिलाई में आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जमुना साहू, जनपद सदस्य, गरियाबंद उपस्थित थीं। कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया। आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच बीपी, शुगर की गई और सभी बुजुर्गों को निशुल्क आयुर्वेदिक च्यवनप्राश, द्राक्षासव सिरप, एवं दर्द निवारक तेल वितरित किया गया। जरूरतमंदों को अतिरिक्त दवाई भी दी गईं। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर निकिता ध्रुव ने धनतेरस के महत्व को बताते हुए आयुर्वेद के पारंपरिक योगदान पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में डॉक्टर राजकुमार कनौजे, डॉक्टर सांगिता कौशिक, होम्योपैथी जिला अधिकारी डॉक्टर दीप्ति वर्मा और सियान सेवा सदन के अधिक्षक कोमल साहू समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411